**खबर संक्षेप**

### रामेश्वर तीर्थयात्रा के लिए 200 यात्री आज होंगे रवाना

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत आज बुधवार 5 मार्च को जिले के 200 तीर्थयात्री भारत गौरव स्पेशल ट्रेन से दोपहर 2 बजे कटनी मुख्य स्टेशन से रामेश्वरम तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होंगे। तीर्थ यात्रा हेतु कटनी जिले के लिए 200 बर्थ आवंटित की गई है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत रामेश्वरम यात्रा हेतु शहरी क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, आयुक्त नगर निगम जनपद पंचायतों व नगर पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण कटनी को जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित करने तथा चयनित यात्रियों को बुधवार 12 बजे तक मुख्य रेल्वे स्टेशन पर पहुंचने हेतु अपने स्तर से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने स्टेशन पर तीर्थ यात्रियों के स्वागत सत्कार की व्यवस्था करने सहित बैठक व्यवस्था, बैटरी युक्त माईक एवं साउण्ड, बैनर, हरी झंडी, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, टिकट वितरण करने एवं अन्य व्यवस्था कराने के निर्देश आयुक्त को दिए है।

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लिंगरी स्थित खेत में हुई महिला की हत्या के मामले का खुलासा

# पहले महिला से किया दुष्कर्म, कुकर्म उजागर न हो इसलिए कुल्हाड़ी से उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्लीमनाबाद क्षेत्र के ग्राम लिंगरी स्थित एक खेत में मिली महिला की रक्तरंजित लाश के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिसिया जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी ने महिला के साथ बलपूर्वक दुष्कर्म का प्रयास किया, महिला विरोध करने लगी तो आवेश में आकर उसने महिला को कुल्हाड़ी मौत के घाट उतार दिया। हत्या में शामिल युवक एवं उसके सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 1 मार्च 25 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लिगरी डुगरिया हार स्थित खेत में बने एक मकान की परछी में शिवकुमारी कोल मृत अवस्था मे पड़ी है। महिला के सिर के दाहिने तरफ एवं पीछे तरफ काफी गहरे घाव है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर गंभीर घटना को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल घटना की विवेचना प्रारंभ की गयी।

घटनास्थल से भौतिक साक्ष्यों का संकलन कर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट एवं डॉग स्क्वॉड के माध्यम से घटनास्थल एवं इसके आसपास के साक्ष्य एकत्रित किए गए। साइबर टीम के माध्यम से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए गए। एकत्र साक्ष्य एवं तकनीकी डाटा विश्लेषण करने पर यह जानकारी प्राप्त हुई की आरोपियों द्वारा घटना दिनांक 28 फरवरी की दरमियानी रात को घटित की गई और घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। तकनीकी साक्ष्य के विश्लेषण से थाना स्लीमनाबाद अंतर्गत ग्राम लिगरी हार निवासी हिमांशु सिंह ठाकुर और ग्राम लखनवरा निवासी चिप्पू भुमिया की पहचान संदिग्ध के रूप में हुई। जिससे सघन पूछताछ की गई और आरोपी के मुख्य आरोपी हिमांशु सिंह ठाकुर द्वारा मृतिका शिवकुमारी के साथ दुष्कर्म कर कुल्हाड़ी से हत्या करना और चिप्पू भुमिया द्वारा घटना मे प्रयुक्त कुल्हाड़ी को छिपा कर अपनी मडईया मे रखना व आरोपी को बाहर भगाना स्वीकार किया गया। इस आधार पर आरोपी हिमांशु सिंह ठाकुर एवं चिप्पू भुमिया को गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों से पृथक पृथक पूछताछ की गई, पूछताछ के दौरान यह बात सामने आयी कि मुख्य आरोपी हिमांशु सिंह ठाकुर 28 फरवरी 25 की रात्रि करीब 10 बजे चिप्पू भुमिया की मड़ईया से कुल्हाड़ी लेकर शिवकुमारी कोल के पास शारीरिक सबंध बनाने की नियत से गया था। खेत मे बनी परछी मे शिवकुमारी लेटी हुई थी, जिससे आरोपी हिमांशु द्वारा महिला का पति खेत मे न होने से शारीरिक सबंध बनाने की बात कही गई। जिससे महिला से चिल्लाकर भगाने का प्रयास किया तो मृतिका शिवकुमारी कोल से जबर्दस्ती गलत काम करने लगा। शिवकुमारी कोल ने चिल्लाकर विरोध किया तो आरोपी हिमांशु सिंह डर गया। वह महिला के उपर से उठकर अलग हुआ और यह सोचा कि यह बात शिवकुमारी कोल अपने पति पंजी उर्फ कोमल कोल को बता देगी, इस कारण से कुल्हाड़ी से शिवकुमारी कोल के सिर में 4-5 वार कर मारा। जब वह मर गयी तो आरोपी हिमांशु मृतिका का मोबाईल एवं कुल्हाड़ी लेकर अपने खेत मे बनी मडईया मे आकर कुल्हाड़ी मड़ईया के पीछे रखकर सो गया। अगले दिन 1 मार्च को आरोपी हिमांशु द्वारा चिप्पू भुमिया को पूरी बात बताकर देखने भेजा तो वह देखकर आकर बताया कि शिवकुमारी कोल मरी हुई पड़ी है। चिप्पू द्वारा हिमांशु को बोला कि तू यहां से कुछ दिनो के लिये बाहर भाग जा, तब आरोपी हिमांशु सिंह ठाकुर द्वारा घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी चिप्पू भुमिया से उसकी मडईया मे छिपवा दिया एवं मृतिका का मोबाइल लेकर कटनी, बीना तरफ भाग गया। वह यह समझ कर कि दो दिन हो गये है अब कुछ नही होगा वह वापस अपने गांव लिगरी हार आ गया।

कार्रवाई में अखलेश दाहिया थाना प्रभारी, उनि संतोष बड़गैया, सउनि जुबेर अली, बृजेन्द्र उरमलिया, प्र.आर. अंजनी मिश्रा, तेज प्रकाश, विजय सिंह, शेख युसूफ, अनिल विश्वकर्मा, अंकित दुबे, लखन पटेल, आर. मनीष पटेल, विशाल शिवहरे, आशीष पटेल, विवेक झारिया, बृजेश सिंह की अहम भूमिका रही।



### जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने ई.व्ही.एम वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते सहित निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रहीं। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद और चौकस मिले। कलेक्टर श्री यादव ने कर्मचारियों के ड्यूटी रजिस्टर का भी अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

*बिल तैयार करने एवं भुगतान के एवज में मांगी थी रिश्वत*

## 5 हजार रूपए की रिश्वत लेते आइटीआई के बाबू को लोकायुक्त ने रंगे हाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने 5 हजार रूपए की रिश्वत लेते शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र कटनी के बाबू को गिरफ्तार किया है। दरअसल परिवीक्षा अवधि समाप्त होने के उपरांत 10 वर्षों की वेतन वृद्धि एरियर राशि के बिल तैयार करने एवं भुगतान करवाने के एवज रिश्वत की मांग आईटीआई कटनी के बाबू संदीप बर्मन द्वारा की गई थी। शिकायत पर लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने बाबू को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त जयदीप प्रसाद के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश पर जबलपुर लोकायुक्त ने यह ट्रेप कार्यवाही की है।

### महंगी पड़ गई रिश्वत

बताया जाता है कि आनंद चौधरी अन्ना बाबा की गली बड़ा पत्थर राँझी जबलपुर की परिवीक्षा अवधि समाप्त होने के उपरांत 10 वर्षों की वेतन वृद्धि के एरियर राशि 8 लाख 50 हजार के बिल तैयार करने एवं भुगतान करवाने के एवज में 6 हजार रुपये रिश्वत की मांग आईटीआई कटनी के बाबू संदीप बर्मन द्वारा की जा रही थी। जिसकी शिकायत आनंद चौधरी ने लोकयुक्त जबलपुर से की थी। शिकायत सत्यापन के उपरांत आज 4 मार्च को शासकीय आई.टी.आई. कार्यालय में संदीप बर्मन को 5 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया तथा आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम1988 (संशोधन) 2018 की धारा-7, 13(1)B, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू त्रिपाठी, इंस्पेक्टर नरेश बेहरा, इंस्पेक्टर कमल सिंह उईके एवं लोकायुक्त जबलपुर के दल की मुख्य भूमिका रही।

### जनपद सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपा अविश्वास प्रस्ताव



**कटनी।** रीठी जनपद अध्यक्ष की कार्य प्रणाली से नाराज 13 जनपद सदस्यों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे एक अविश्वास प्रस्ताव कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को सौंपा है। मंगलवार को सभी जनपद सदस्य जिसमें केरा बाई लोधी, पार्वती पटेल, शिवकली चौधरी, संतोष पटेल, श्यामा बाई सिंह, रतिलाल रैदास, राजकुमारी यादव, अंजनी देवी, मंजी राजभर, चंदाबाई, संतोष कुमार मांझी, प्रकाश चंद्र साहू, कमलेश कुमार कोल कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुँचे। जहां उन्होंने बताया जनपद अध्यक्ष के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जिसमे कभी समय पर कार्यालय नही पहुँचते, क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर उनकी कोई जिम्मेदारी अभी तक निर्वहन नही की। क्षेत्र की जनता जनपद सदस्यों को इस वजह से ताने मारती है। फोन लगाने पर कोई प्रतिकिया नही देना, जनपद की बैठकों में उपस्थित नही होना सहित अन्य कारणों के चलते 13 जनपद सदस्य कलेक्ट्रेट पहुँचे और अविश्वास प्रस्ताव सौपा है। कलेक्टर द्वारा सभी सदस्यों को आगे की कार्यवाही के लिए जिला पंचायत कार्यालय भेजा गया जहा पूरी जानकारी जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत के समक्ष जनपद सदस्यों ने रखी।

## युवक से 15 हजार रूपए कीमती गांजा सहित एक्टिवा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद पुलिस ने बाइक सवार एक युवक के पास से गांजा जब्त किया है। थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक सुरेन्द्र शर्मा द्वारा बताया गया कि मातहत कर्मचारियों के साथ अभियान चलाकर वाहन चेकिंग के दौरान रुपनाथ रोड ग्राम पड़रिया में एक्टिवा नं. MP21 ZA 3446 को चैक करने पर वाहन चालक सुशील पिता रामकृपाल पाण्डे 55 साल नि ग्राम सिमरिया थाना वि.गढ अपनी बाइक में मोहम्म्द खान पिता जब्बार खान 32 साल निवासी ग्राम टीकर को बैठाये जाता मिला जिन्हे चैक करने पर एक्टिवा मे पीछे बैठा मोहम्मद खान अपने हाथ मे एक सफेद रंग के थैला के अंदर 1 किलो 360 ग्राम मादक पदार्थ गांजा रखे पाया गया। जब्त गांजा 15000 रुपये कीमती बताया गया है। चालक सुशील पाण्डे के कब्जे से मादक पदार्थ परिवहन मे प्रयुक्त की गई एक्टिवा नं. MP21 ZA 3446 को जप्त कर आरोपियो के विरुध्द 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

इसी तरह अलग अलग लोगों से अवैध शराब भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार सीताराम पटेल 40 साल निवासी नयागांव के कब्जे से 17 पाव देशी मदिरा प्लेन, संतोष पिता गोरेलाल गडारी 35 साल निवासी ग्राम बचैया के कब्जे से 05 लीटर कच्ची महुआ शराब, मनोज लोधी पिता मारु सिंह लोधी 50 साल नि.उमरधा के कब्जे से 21 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जप्त किया गया है। तीनो आरोपियो के विरुध्द धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में सुरेन्द्र शर्मा, अजय सिंह बैस, मोनेन्द्र सिंह की भूमिका रही।

### प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**कटनी।** शहर में मालवाहक वाहनों और भारी वाहनों का प्रवेश अब प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने इस संबंध में पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया है। इसके मुताबिक अब कटनी शहर में चाका-बाईपास, पीर बाबा-बाईपास, जुहला-बाईपास तथा पन्ना मोड़ से भारी वाहन एवं मालवाहक वाहनों के आवागमन को प्रतिदिन,प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिये वर्जित किया जाता है। यह व्यवस्था 25 मार्च तक प्रभावशील रहेगी। यह संशोधित आदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं केन्द्रीय शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड कक्षाओं की परीक्षाएं संचालित होने के फलस्वरूप परीक्षाओं के पेपर छूटने पर अचानक शहर में यातायात दबाव होने के कारण वाहन दुर्घटना एवं जनहानि की संभावनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से जारी किया गया है। पूर्व में जारी आदेश में कटनी शहर में चाका-बाईपास, पीर बाबा-बाईपास, जुहला-बाईपास तथा पन्ना मोड़ से भारी वाहन एवं मालवाहक वाहनों के आवागमन को प्रतिदिन, प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिये ही वर्जित किया गया था। लेकिन अब कटनी शहर में भारी वाहन एवं मालवाहक वाहनों के आवागमन को प्रतिदिन, प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिये वर्जित कर दिया गया है।

रजिस्ट्री का कार्य कैंप आयोजित कर सुनिश्चित करानें निर्देश

## फार्मर रजिस्ट्री के मामले में कटनी टॉप टेन जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों के फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया संपादन के मामले में कटनी जिला प्रदेश के दस अग्रणी जिलों में शामिल है। जिले में अब तक 1.25 लाख से अधिक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादित किया जा चुका है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को राजस्व अधिकारियों को इस कार्य में और अधिक तेजी लाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने के लिए 20 मार्च तक कैंपों का आयोजन कर किसानों की प्राथमिकता से फार्मर रजिस्ट्री कराया जाना सुनिश्चित हो।

कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का निर्धारण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक भूस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। मार्च माह के उपरांत पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आई.डी का होना अनिवार्य किया गया है इस हेतु कलेक्टर श्री यादव ने समस्त पीएम किसान हितग्राहियों की फार्मर आई.डी बनाने हेतु कैम्प का आयोजन करने के दिशा-निर्देश कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को दिए है।

### आज यहां लगेगा कैम्प

जिले के अनुविभाग बहोरीबंद के ग्राम बरही, रामपाटन, कुम्हरवारा और डिहुटा में बुधवार 5 मार्च को फार्मर आई.डी कैंप आयोजित होगा। इसी प्रकार अनुविभाग ढीमरखेड़ा के ग्राम खाम्हा, दशरमन और हरदुआ, महनेर, दिवारी, पौडी खुर्द, शाहडार, कछारगांव, नाथूखेड़ा, देमापुर, लालपुर, तिघरा, घुघरी, मेर, केवलारी, पिपरिया, कोठी, मूडीखेडा, सनकुई, कसौटी, टोला, बिहरिया, भलवारा, बम्हौरी, खाम्हा, रामपुर,बरौदा, सिंघनतलाई, हरदुआ, गुडा, पकरिया, पिपरिया, तिलमन, कुदरी, खम्हरिया, मुरवारी, मदनपुर, पिंडरई, कंजिया, बांघ, भटगांव, कुद्रा, धनवाही, भनपुराकला में 5 मार्च को विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

प्रत्येक पटवारी को प्रतिदिन 10 फार्मर आईडी जनरेट करने का लक्ष्य प्रदान करनें, डिजिटल क्रॉप सर्वे हेतु पंजीकृत स्थानीय युवा को 10 फार्मर आईडी जनरेट करने, सीएससी केन्द्र की बैठक आयोजित कर ग्राम,पंचायत, सीएससी केन्द्रवार लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए है।

कैम्प का आयोजन आस-पास के ग्रामों (03 से 05 ग्राम) का 1000 से 1500 भूमि स्वामी का कलस्टर बनाने, पंचायत भवन या स्थानीय निकाय कार्यालय में कैम्प आयोजन कर शासकीय सेवकों एवं कृषकों की बैठक व्यवस्था करने, प्रत्येक कैम्प हेतु राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के एक-एक शासकीय सेवक को नोडल ऑफिसर नामित करने, कैम्प में आवश्यक इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने, सीएससी प्रतिनिधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।




## खबर संक्षेप

### ढ़ाई महीने बाद भी लापता किशोर का नहीं चला पता

**ढीमरखेड़ा।** बिहरिया से देवरी पाठक वापस आने के लिए निकले नाबालिग का ढ़ाई महीने बाद भी कही पता नहीं चला। जिससे परिजन और रिश्तेदार परेशान है। हासिल जानकारी के मुताबिक उमरियापान थाना क्षेत्र के देवरी पाठक निवासी राजकुमार पटेल का 17 वर्षीय पुत्र सागर पटेल बीते 28 दिसम्बर को घर से साइकिल में ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के बिहरिया गांव रिस्तेदारी में गया था। दूसरे दिन 29 दिसम्बर को सागर खाना खाने के बाद साइकिल से देवरी पाठक घर जाने के लिए निकला।लेकिन वह घर तक नहीं पहुँचा। परिजनों ने आसपास सहित रिश्तेदारों से संपर्क किया,लेकिन नाबालिग का कही भी पता नहीं चला।परिजनों ने ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि पुलिस प्रकरण दर्ज कर नाबालिग की तलाश में जुटी है।बाजार, स्टेशनों,गांवों सहित जगह जगह पुलिस ने तलाश किया, लेकिन कही भी नाबालिग का पता नहीं चला।

### अलग अलग स्थानों से धरे गए आधा दर्जन जुआरी

**कटनी।** कोतवाली, एनकेजे एवं उमरियापान पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों पर कार्यवाही की है। फड़ से जुए की रकम जब्त करते हुए उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली ने मुखबिर की सूचना पर शाम के समय सब्जी मंडी गली नंबर 02 से सुदम खटीक निवासी मघई मंदिर के पीछे अल्फर्टगंज, सुशील खटीक व वीरु खटीक निवासी कैलवारा खुर्द को जुआ खेलते हुए रंगेहाथ पकड़ा। जिनके पास से 280 रुपए एवं फड़ से 270 कुल 550 रुपए जब्त किए। इसी प्रकार एनकेजे थाने की पुलिस ने दोपहर के समय चुनकाई मोहल्ला आम के पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे मोहन लाल चौधरी, रघुवीर चौधरी एवं विनोद चौधरी सभी निवासी पडरिया को पकड़ा है जिनके फड़ से 340 रुपए जब्त किए हैं। इधर उमरियापान थाने की पुलिस ने रात के समय उमरियापान से अब्दुल फिरोज खान निवासी ग्राम महनेर थाना उमरियापान, अब्दुल शमद निवासी ग्राम घुघरी को पकड़ा है। जिनके पास से ताश के 52 पत्ते व नकदी 450 रुपए जब्त करते हुए कार्रवाई की है।

### डाकघर समय पर नहीं खुलने से लोगों में आक्रोश

**सिलौंडी।** सिलौंडी में डाक घर के खुलने का कोई समय निश्चित नहीं है ना बंद होने का। निर्धारित समय से पहले बंद हो जाता है । ग्राम के गोलू जैन , अंकुल वंशकार , संजोग राय ,मनोज नेगाईं ने बताया कि हम तीन दिनों से डाकघर आ रहे है । दोपहर को 11.30 बजे डाकघर बंद मिला है जिसके कारण बहुत दिक्कत है । डाकघर के आस पास जानकारी तो ग्रामीणों ने बताया कि पोस्टमैन अपनी मनमर्जी से निर्धारित समय नही खोलता कभी 12 बजे या कभी तो खोलता ही नही है । डाकघर कार्यालय के बाहर किसी भी प्रकार की सूचना नहीं लिखी की यहां पर डाकघर है । लोग डाकघर को खोजते फिरते है ग्रामीणों ने उच्च अधिकारी से डाकघर की व्यवस्था सुधारने की मांग की है ।

### व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने सौंपे गए दायित्व

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले के चयनित 200 तीर्थ यात्री आज 5 मार्च को रामेश्वरम दर्शन हेतु मुख्य रेलवे स्टेशन से भारत गौरव स्पेशल ट्रेन के माध्यम से रवाना होंगे। तीर्थ दर्शन योजना अन्तर्गत यह स्पेशल ट्रेन सतना रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन से होते हुए रामेश्वरम जाएगी।सभी तीर्थ यात्रियों का स्वागत जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर द्वारा किया जावेगा। अतः जिले से जाने वाले चयनित 200 तीर्थ यात्रियों को 12 बजे तक मुख्य रेल्वे स्टेशन पहुँचने का आग्रह किया गया है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने तीर्थ यात्रियों के स्वागत संबंधी व्यवस्थाओं हेतु आदेश जारी कर संपूर्ण व्यवस्था हेतु प्रभारी अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक को बनाते हुए स्टेशन में विशेष साफ-सफाई, टेंट, बैठक, पेयजल, स्वागत जैसी सभी व्यवस्थाओं को समय के पूर्व कराये जाने हेतु अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है ।

---

जिला मुख्यालय सहित पंचायत स्तर पर जनसुनवाई का हुआ आयोजन

# लचर कार्यप्रणाली वाले अधिकारियों को कलेक्टर ने दी सख्त हिदायत, कहा- रैंकिंग में करें सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में लंबित पत्रों पर की गई कार्यवाही, जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण सहित सीएम हेल्पलाइन में विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहें।

कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए सी और डी ग्रेड में शामिल विभागों क्रमशरू सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, वन और श्रम विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लचर कार्यप्रणाली अपनाने और निराकरण में प्रभावी पहल नहीं करने पर नाराजगी जाहिर किया। उन्होंने उन विभाग के जिला अधिकारियों को भी शिकायतों के निराकरण में तेजी लाने की हिदायत दी जिन विभागों की रैंकिंग, उनके विभाग की स्टेट रैंकिंग से कम है। कलेक्टर ने बैठक में पुनरू यह दोहराया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को अटेंड नहीं करने वाले अधिकारियों के पूर्व की भांति ही वेतन काटने की कार्यवाही जारी रहेगी। कलेक्टर ने बरही क्षेत्र में ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य में वांछित प्रगति नहीं होने पर बिजली विभाग के डिवीजनल इंजीनियर ग्रामीण और बरही के इंचार्ज को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

#### कार्यवाही करने लिखा पत्र

कलेक्टर श्री यादव ने समय-सीमा बैठक में मौजूद पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सुदेश कुमार समन द्वारा पुलिस से संबंधित मामलों पर की गई कार्यवाही और निराकरण की स्थिति का समाधान कारक जवाब नहीं दे पाने और बैठक में अद्यतन जानकारी के साथ नहीं आने पर गहन असंतोष व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर संबंधित पुलिस अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करके अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने 108 एंबुलेंस सेवा की समीक्षा की और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निगरानी रखने और सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही बॉण्ड पर नियुक्त डॉक्टर्स की अटेंडेंस सार्थक ऐप पर सुनिश्चित कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत मरीजों की स्क्रीनिंग कार्य की धीमी गति पर भी असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने जिले के सभी एएनएम को नये अनमोल पोर्टल में डाटा फीडिंग से संबंधित प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने की हिदायत दी।

#### पंजीयन कार्य की समीक्षा

कलेक्टर ने जिले में 15 मार्च से शुरू होने वाले समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य की व्यवस्थाओं व तैयारियों और 31 मार्च तक होने वाले किसानों के पंजीयन कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने फसलों का सत्यापन कर गिरदावरी कार्य में तेजी लाने राजस्व एवं कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने विकासखण्डों में गौशालाओं के चयनित स्थलों और किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के पिछले वर्षों के लंबित भुगतानों पर बीमा प्रतिनिधि से चर्चा कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, लोकसेवा प्रबंधन के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरव नामदेव, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहें।

---



# ट्रेक्टर ट्राली पलटने से 2 युवकों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिर्री में ट्रेक्टर ट्राली पलटने से चपेट में आये दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। जानकारी के मुताबिक ग्राम जिर्री के पास मंगलवार दोपहर रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से जिर्री गांव के आनंद यादव और चाहत यादव की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने निजी वाहन से आनंद को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई। हालांकि घटनास्थल पर ट्रैक्टर ट्राली नहीं मिली। बताया जाता है कि हादसा कारित करने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटनास्थल के समीप मुख्य मार्ग में रेत फैली हुई पड़ी मिली।

ग्रामीण राजेश यादव ने बताया कि चाहत यादव मृत अवस्था में करीब घंटों तक सड़क किनारे पड़ा रहा। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बावजूद काफी देर से मौके पर पहुंची जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस घटना से गांव में शोक की लहर है।

थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि हादसे की जानकारी मिलते ही स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश दी गई। दोनों के शवों को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

---

गोद ग्राम कुंआ में नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन

# रैली, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक गतिविधियों से ग्रामीणों किया गया जागरूक एवं प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुआं में संचालित हो रहा है। साथ ही शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच सत्यवती सिंह, पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, सतीश विश्वकर्मा, कैश अंसारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, शंकर सिंह, स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह द्वारा शिविर प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि स्वयंसेवको ने सात दिन तक प्रभात फेरी, योग एवं व्यायाम, श्रमदान एवं परिसर साफ सफाई, स्वच्छता, नशा मुक्ति, जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण, बाल विवाह, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता, मतदाता जागरूकता, पोषण, रक्तदान एवं एड्स जागरूकता, यातायात आदि विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली, नुक्कड़ नाटक, सर्वेक्षण कार्य आदि गतिविधियों में सहभागिता कर लोगों को प्रेरित करने का कार्य किया। कार्यक्रम के अगले चरण में डॉ जगदीश गुप्ता, पी. डी. ताम्रकार, पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी आदि अतिथियो ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन कर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। तथा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने कार्यक्रम अधिकारियों को शिविर के सफल संचालन एवं समापन पर बहुत बहुत शुभकामनाएं देते हुए स्वयंसेवको को और अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

अगले चरण में प्राचार्य एवं उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा शिविर में सहभागिता करने वाले स्वयंसेवको का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को मेडल, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका तोमर ने अपने उद्बोधन में बताया कि

---

## शहर में जहां पर हैं समस्याएं वहां पर नहीं हो रही कार्यवाही



शहर की अराजक यातायात व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है। व्यस्ततम बाजार क्षेत्रों से लेकर तिराहे, चौराहा तक अस्थायी अतिक्रमण की जद में है लेकिन इस समस्या को दूर करने के लिए कभी कार्यवाही नहीं होती है। मंगलवार को यातायात पुलिस ने पुराने कोतवाली भवन की सुरक्षा दीवार से हाथ ठेला लगाकर फल कारोबार करने वाले फल कारोबारियों को हटाया गया। हालांकि इस क्षेत्र में यातायात की ऐसी कोई समस्या नहीं है। अतिक्रमण कार्रवाई को लेकर जनचर्चाएं रही कि यातायात पुलिस को यहां कि बजाय सुभाष चौक से लेकर स्टेशन पहुंच मार्ग, गोल बाजार, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार सहित तिराहे चौराहों में अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करनी चाहिए थी। शहर के अति व्यस्ततम मार्ग एवं क्षेत्र अस्थायी अतिक्रमण की जद में है लेकिन इनको हटाने की कार्यवाही नहीं की जा रही है। मंगलवार को यातायात पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर सूबेदार राहुल पांडे ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी तथा शहर में जहां-जहां लोग सड़क पर कारोबार कर रहे हैं, उप पर कार्रवाई करके सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

---

परीक्षा के दौरान नकल के दो प्रकरण बनाए गए

# 82 परीक्षा केन्द्रों में कक्षा 12वीं की भौतिक, अर्थशास्त्र एवं कृषि विषय की हुई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



हायर सेकेण्डरी स्कूल की कक्षा 12वीं की मंगलवार को आयोजित भौतिक, अर्थशास्त्र एवं कृषि विषय की परीक्षा जिले के 82 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई जिसमें से 10079 दर्ज छात्रों में से 9974 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 105 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुये। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी सहित परीक्षा हेतु नियुक्त दलों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मंगलवार को आयोजित परीक्षा के दौरान सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के निरीक्षण दल ने परीक्षा केन्द्र मुरारी, दशरमन, कछारगांव, सिलौंडी का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित होना पाई गई। किसी भी परीक्षा केन्द्र में बाहरी दबाव नहीं है। परीक्षा के दौरान व्यक्तिगत नकल के दो प्रकरण बनाए गए।

---

जिला मुख्यालय सहित पंचायतों में जन सुनवाई आयोजित

# स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जिला मुख्यालय तक पहुंच रही शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कटनी नगर एवं जिले के दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे लोगों के आवेदनों पर धैर्यपूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 130 आवेदन प्राप्त हुए।

मंगलवार को जिले भर में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी सहित ग्राम पंचायत सचिव , रोजगार सहायक, पटवारी एवं ग्राम पंचायत स्तरीय शासकीय कर्मचारियों की मौजूदगी रही। जनसुनवाई में ग्राम गैतरा निवासी कृषक सुनील कुमार पटेल ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी ग्राम जरवाही में स्थित भूमि के खसरा नंबर 154/3, 1121/3, 1292/2 एवं अन्य खरसे पंजीयन के दौरान नहीं दिखने तथा सर्वेयर आई.डी लागिन नहीं होने के कारण किसान पंजीयन करवानें में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर द्वारा सुनील की समस्या को सुनते हुए अधीक्षक भू अभिलेख डॉ राकेश कुमार को प्रकरण पर निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए।

तहसील बड़वारा के ग्राम रोहनिया निवासी आवेदक शंकर लाल रजक द्वारा बताया गया कि उनका जन्म 1 मई 1965 को ग्राम रोहनिया में हुआ था। जानकारी के आभाव में जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवानें तथा विलंब होने के कारण शपथपत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया था जो खारिज कर दिया गया है। वर्तमान में जन्म प्रमाण पत्र की महती आवश्यकता होने की जानकारी दिये जाने पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा एस.डी.एम बड़वारा को प्रकरण पर समय-सीमा में कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।

#### श्रम पदाधिकारी करें जांच

जनसुनवाई के दौरान तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम कैमोरी निवासी रविन्द्र कुमार सनाढ्य द्वारा अडानी ए.सी.सी अमेहटा प्लांट में कार्य के दौरान दुर्घटना में हाथ फैक्चर होने के कारण नौकरी से निकाले जाने तथा किसी भी तरह के भुगतान नहीं दिये जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर शने श्रम पदाधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा मुकेश कुमार सोनी के आवेदन पर सुनवाई करते हुए एस.डी.एम कटनी को ग्राम पंचायत बंडा बिछिया निवासी उनके बड़े भाई राकेश कुमार सोनी की वर्तमान अस्वस्थता और मेडिकल कॉलेज में चल रहे इलाज को दृष्टिगत रखते हुए पात्रता पर्ची अथवा अन्य किसी शासकीय योजनाओं का लााभ प्रदान करनें हेतु नियमानुसार परीक्षण की कार्यवाही करनें के निर्देश दिए।

---

आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के दिए गए हैं निर्देश

# जिले के 318 शिक्षकों को मिला प्रथम क्रमोन्नती वेतनमान का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा जिले के 318 विकास खण्ड के शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए क्रमोन्नति, समयमान-वेतनमान का प्रावधान किया गया है। कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग जबलपुर द्वारा जारी आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी, द्वारा माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के लोक सेवकों की क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृति हेतु प्रस्तुत प्रस्तावों का विभागीय पदोन्नति, छानबीन समिति की बैठक 28 फरवरी के परीक्षणोंपरान्त की गई अनुशंसा उपरान्त नवीन शैक्षणिक संवर्ग में माध्यमिक शिक्षक पद पर जिले से 318 लोकसेवकों को 01 जुलाई 2018 अथवा इसके पश्चात पात्रता तिथि को 12 वर्ष की सेवा पूर्ण होने प्रथम क्रमोन्नत वेतनमान छठवें वेतनमान रुपये 9300-34800 ग्रेड पे-3600 एवं सातवें वेतनमान 36200-114800 लेबल -09 की शर्तो के अधीन स्वीकृत किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, आहरण संवितरण अधिकारी, संकुल प्राचार्य, संस्था प्रमुख संबंधित लोक सेवक की मूल सेवा अभिलेख से मिलान कर यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित माध्यमिक शिक्षक को जिस तिथि से क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत है, उक्त तिथि को उनके द्वारा प्रथम नियुक्ति होने के समय संस्था, शाला में कार्यभार ग्रहण दिनांक से निरन्तर 12 वर्षो की सेवा पूर्ण की गई है, ताकि सेवा में व्यवधान अनाधिकृत अनुपस्थिति अवधि सम्मिलित नहीं है।

संबंधित लोक सेवकों की अनाधिकृत अनुपस्थिति अवधि के कारण काम नहीं दाम नहीं के आधार पर वेतन भुगतान न किया गया हो अथवा सक्षम अधिकारी के द्वारा आज की तिथि तक लोक सेवक की अनुपस्थित अवधि का निराकरण नहीं किया गया है तो ऐसे प्रकरणों में क्रमोन्नति का लाभ दिए जाने से पूर्व लोक सेवक की अनुपस्थित अवधि का परीक्षण कर उक्त अनुपस्थित अवधि के नियमानुसार निराकरण हेतु सक्षम अधिकारी को उचित माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों सहित प्रसताव भेजकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

किसी भी प्रकार की विपरीत स्थिति पाए जाने पर क्रमोन्नति का लाभ नहीं देते हुए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यालय को अवगत कराने के निर्देश ताकि संबंधित लोक सेवकों को प्रदाय की गई क्रमोन्नति निरस्त की जा सके। लोक सेवक के विरुद्ध किसी भी प्रकार की विभागीय जांच लंबित, अनुशासनात्मक कार्यवाही तथा वेतन वृद्धि रोकने इत्यादि शास्ति प्रभावशील नहीं है, इसकी पुष्टि संबंधित लोक सेवकों के सेवा अभिलेखों एवं कार्यालयीन अभिलेख से करने के निर्देश दिए गए है यदि संबंधित लोक सेवक के विरुद्ध न्यायालय में आपराधिक प्रकरण, विभागीय जाँच प्रचलित हो अथवा माननीय न्यायालय या अनुशासनिक अधिकारी द्वारा प्रकरण के निराकरण में उन्हें दोषी पाये जाने के फलस्वरूप दंडित किया गया हो तो क्रमोन्नति का लाभ नहीं देते हुए उनके संबंध में तथ्यात्मक प्रतिवेदन सुसंगत दस्तावेज के साथ क्रमोन्नति आदेश निरस्तीकरण के लिए तत्काल कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए गए है।

संबंधित लोक सेवक को लाभ देने के पूर्व उनकी मूल पद पर प्रथम नियुक्ति होने पर कार्यभार ग्रहण तिथि की पुष्टि मूल सेवा अभिलेखों से करने तथा पात्र लोक सेवक का वेतन निर्धारण कर भुगतान करने के पूर्व संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत ही क्रमोन्नत वेतनमान का वास्तविक लाभ दिया जायेगा। शासन निर्देशानुसार जिन पात्र कर्मचारियों ने उच्च पदों पर पदोन्नति लेने से या पदोन्नति पद पर जाने से इंकार किया है। वे कर्मचारी क्रमोन्नति योजना के पात्र नहीं होंगे। उन्हें उक्त योजना का लाभ प्राप्त नहीं होगा, के संबंध मे संबंधित के सेवा अभिलेख परीक्षणोंपरान्त नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

म.प्र. राज्य स्कूल शिक्षा सेवा शर्ते एवं भर्ती नियम 2018 के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग में वर्णित जिन लोक सेवकों को सीधी भर्ती की श्रेणी में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पूर्व में शिक्षाकर्मी वर्ग-2, संविदा शाला वर्ग-2 के पद पर सीधी भर्ती से नियुक्ति प्राप्त हुई है, उन्हें ही क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ देय होगा।

---



# सुरक्षा विषय पर हुई परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में भारतीय ज्ञान परंपरा के त्रैमासिक कैलेंडर अंतर्गत "राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस" का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रोशनी पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में 'राष्ट्रीय सुरक्षा विषय ' पर परिचर्चा एवं साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान और पोस्टर और वीडियो की प्रस्तुति आदि गतिविधियां हुई । साइबर सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर पुलिस विभाग के प्रदीप कुमार (थाना - बड़वारा)एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ .आदित्य गढ़ेवाल ने अपने -अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए ।इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजेश कुमार, संचालक- डॉ.-सुजीत सिंह और सुशील चंद्र दुबे, डॉ. दादूराम साकेत, डॉ. कल्पना सतनामी ,डॉ.योगिता अरजरिया , मनमोहन द्विवेदी, डॉ. शर्मिला गांगले, डॉ. रामनरेश वर्मा आदि शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के पोस्टर प्रतियोगिता में दो प्रतिभागियों ने भाग लिया । जिनमें प्रथम स्थान-सानिया मंसूरी बी.एस-सी. तृतीय वर्ष एवं द्वितीय स्थान- खुशी विश्वकर्मा बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया है ।

## खबर संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक ने किया वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा ने सोमवार को सिविल लाइन स्थित वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान सखी सेन्टर के माध्यम से उत्पीड़ति एवं हिंसा व विपत्तिग्रस्त महिलाओं और बालिकाओं के पुनर्वास के लिए प्रदत्त सहायता की जानकारी ली। इसकी कार्यप्रणाली व प्रक्रिया भी समझी। उन्होंने केन्द्र की प्रशासक कविता पाण्डेय से वन स्टॉप सेंटर के उद्देश्य और अब तक क्रियान्वित कार्यों के बारे में भी पूछा तथा पुलिस द्वारा हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया। प्रशासक द्वारा पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित एसडीओपी पन्ना एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को केन्द्र की भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। साथ ही जागरूकता गतिविधियों तथा परामर्श, चिकित्सा, अस्थाई आश्रय एवं विधिक सहायता सहित बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ कार्यक्रम के क्रियान्वयन व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर से प्राप्त सूचना के आधार पर सेंटर द्वारा की जाने त्वरित कार्यवाही की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय की विभिन्न पंजियों एवं सखी केन्द्र परिसर का अवलोकन भी किया और वन स्टॉप सेंटर के कार्यों की सराहना की।

### लाइनमैन दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया

**पवई।** पवई वितरण केंद्र में कार्यपालन अभियंता एसके गेडाम के अध्यक्षता में लाइन मैन दिवस का आयोजन बहुत ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें सहायक अभियंता अभिषेक गड़ेवाल, पवई प्रभारी अधिकारी सतीश कुमार सैनी , अमानगंज प्रभारी अधिकारी शिव कीर्ति शुक्ला और शाहनगर प्रभारी अधिकारी अजय कुमार प्रजापति के साथ संभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसमें एसके गेडाम सर के द्वारा सेवा ,सुरक्षा और सम्मान के साथ कार्य करने के लिए समस्त कर्मचारी को मार्गदर्शन दिए। साथ ही अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का दिव्य आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया




गायत्री शक्तिपीठ सिद्ध पहाड़ी पर 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ आसपास के दूर दूर के क्षेत्र एवं हरिद्वार से आई विद्वानों की टोली को भावभीनी विदाई दी गई, सभी ने नशामुक्त जीवन जीने, वृक्ष लगाने एवं स्वच्छ विश्व को स्वच्छ बनाने का हम सुधरेंगे-युग सुधरेगा की तर्ज पर संकल्प लिया। गायत्री परिवार द्वारा हर घर यज्ञ-घर घर यज्ञ, वेदों की स्थापना, जाति-पाति की विदाई, महिलाओं का सम्मान अनेक विश्व व्यापी आवश्यक मुद्दों पर व्यवहारिक ज्ञान को जीवन में अपनाने धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक शिक्षा आदि पर जोर दिया गया। इस महायज्ञ में सभी सामाजिक धार्मिक संगठनों पतंजलि परिवार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, श्री देव संकट मोचन हनुमान जी, बड़ी खेर माता,सिद्धेश्वर मंदिर सहित नगर की मंदिर समितियों व गणमान्य लोगों कर्मचारियों, बुंदेली कलाकारों एवं भजन मंडली इस महायज्ञ में सम्मिलित होना सहयोग करना बहुत ही सराहनीय रहा आप सबकी की प्रेरणा एवं सहयोग से गायत्री परिवार हमेशा सभी के सहयोग से विश्व को वेदों की ओर एवं यज्ञ की ओर ले जाने का प्रयास हमेशा करता रहेगा।

## देवरा जामशा में होने वाले 24 कुंडीय महायज्ञ हेतु बैठक आयोजित



**हटा।** विकासखंड के ग्राम देवरा जामशा में आगामी 6 मई से 9 मई तक आयोजित होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तीसरी पाक्षिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रज्ञापुत्र डॉक्टर सीएल नेमा ने कहा परमपूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने बसंत पंचमी 1926 को जिन हिमालय की दिव्यसत्ता से साक्षात्कार किया था उनकी प्रेरणा से नवयुग के आगमन के लिए 24 - 24 लाख के 24 गायत्री महापुरुश्चरण पूर्ण कर मां गायत्री का साक्षात्कार किया एवं गायत्री तपोभूमि मथुरा से 1008 कुंडीय नरमेध यज्ञ करके महर्षि दुर्वासा की तपस्थली को आलोकित किया और चल पड़ा महाअभियान इसके अंतर्गत 2400 गायत्री शक्तिपीठ की भारत वर्ष में स्थापना शांतिकुंज ब्रह्मवर्चस की स्थापना ब्राह्मण आरण्यक युग शिल्पी शिविर जीवन साधना शिविर इत्यादि विभिन्न आयाम के शिवरों के माध्यम से लाखों परिजनों को प्रशिक्षित किया गया। महर्षि याज्ञवल्क्य की परंपरा का पुनर्जीवन करते हुए परम पूज्य गुरुदेव ने गांव गांव में गायत्री यज्ञ के द्वारा लोक-मंगल के सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक क्रांति के ऐतिहासिक आंदोलन को गति प्रदान की अपने देवरा जामशा गांव में संपन्न होने जा रहा 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ इसी श्रृंखला की एक कड़ी है इसके माध्यम से नवयुग के निर्माण में आस्थावान कार्यकर्ताओं को तैयार किया जावेगा तभी हम सुधरेंगे युग सुधरेगा का नारा सार्थक होगा। हम सब इस महान अभियान में अपनी भागीदारी निभाएं एवं बढ़-चढ़कर अपना योगदान देकर जीवन को सार्थक एवं धन्य बनाएं । इस अवसर पर दिनेश दुबे ने यज्ञ समिति का गठन कराया एवं हरिनारायण चौकरया ने महायज्ञ के 24 प्रमुख यजमानों से चैत्र नवरात्र में सामूहिक अनुष्ठान करने की बात कही। बैठक में उपस्थित सभी परिजनों के प्रति यज्ञ संयोजक नारायण सिंह पटेल ने आभार जताया।

## श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ का गणेश पूजन, मंडप प्रवेश एवं पीठ पूजन आज

**दमोह।** स्थान मॉ बड़ी देवी मंदिर दमोह हमें अवगत कराते हुए हर्ष हो रहा है कि माँ बड़ी देवी जी की कृपा से श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ का आयोजन दमोह में मॉ बड़ी देवी मंदिर में होने जा रहा है। वही यज्ञाचार्य पं. चंद्रगोपाल पौराणिक ने बता कि कार्यक्रम दिनांक 05 मार्च 2025 दिन बुधवार गणेश पूजन प्रातः 8 बजे से मण्डव प्रवेश एवं पीठ पूजन प्रातः 7 से 9 बजे तक किया जावेगा। दैनिक कार्यक्रम दिनांक 5 मार्च 2025 से प्रतिदिन दुर्गा पाठ प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक हवन प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक 12 मार्च 2025 हवन एवं पूर्णाहुति शाम 4 बजे, कन्या बटुक, सौभाग्यवती पूजन शाम 4 बजे एवं प्रसाद वितरण शाम 5 बजे, जल बिहार यात्रा रात्रि 8 बजे फुटेरा तालाब में किया जावेगा। दमोह जिले के सभी पुजारी, पुरोहित, कर्मकांडी, भागवतचार्य, एवं समस्त भक्तगण सादर आमंत्रित है। आचार्य पं. चंद्रगोपाल पौराणिक (बड़े महाराज) के सानिध्य में समस्त ब्राम्हणों के सहयोग से संपन्न होगा, संरक्षक पुजारी पुरोहित कर्मकांड महासंघ दमोह पं. राहुल पाठक, जिसमें कैलाश प्यासी, रामेश्वर गोस्वामी, सुनील दुबे शास्त्री, नितिन शर्मा, आशीष कटारे, सुदर्शन पाठक, आशुतोष गौतम छोटू शास्त्री, रीतेश मिश्रा, सत्यम मिश्रा, केशव रावत, सुरेंद्र तिवारी की उपस्थित रही। आयोजक किरण खरे परिवार सेवा भाव परिवार एवं समस्त भक्तगण दमोह, निवेदन पं. चन्द्रगोपाल पौराणिक, पुजारी पुरोहित कर्मकांड महासंघ दमोह ने कृपा कर पधारकर धार्मिक लाभ लेने की अपील की है।

# आठवीं बोर्ड परीक्षाः बच्चों ने हल किया अंग्रेजी का पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन



झलौन जनशिक्षा केंद्र के अंतर्गत पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा के लिए झलौन, ससना कला, बगदरी,मोहड़ चार परीक्षा केंद्र बनाए गए जिसमें हायर सेकेंडरी स्कूल झलौन इस केंद्र में आरुष किड्स एकेडमी झलौन,सरस्वती शिशु मंदिर झलौन, एमपी इंटरनेशनल झलौन इन प्राइवेट स्कूलों के साथ-साथ शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला झलौन,मगदुपुरा,सेहरी जहां केंद्राध्यक्ष डी के जैन, सह-केंद्राध्यक्ष फूल सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया। बही ससना कला केंद्र में बिसनखेड़ी, ससना,धनेटा माल, ढाना प्राथमिक /माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। रूप सिंह ठाकुर परीक्षा केंद्राध्यक्ष, सहायक नीलम कछोरिया को बनाया गया। केंद्र बगदरी में तिपनी बगदरी, घुटरिया, गुबरा प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों के बच्चे सम्मिलित हुए। केंद्राध्यक्ष सी के हजारी एवं सहायक रफीक खान को नियुक्त किया। केंद्र मोहड़ में पटी,गोरखा, डुकरसता मोहड़, प्राथमिक/माध्यमिक के बच्चे सम्मिलित होते हैं। यहां परीक्षा केंद्राध्यक्ष जीएस रावत प्र.अ. एवं सहायक रमेश सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया। वही आज प्रेस के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अंग्रेजी के पेपर झलौन केंद्र 10 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। बही अंग्रेजी माध्यम के सामान्य हिंदी के पेपर में कुल 23 में सभी की उपस्थिती रही। केंद्र ससनाकला में कुल 104 विद्यार्थियों में 03 अनुपस्थित रहे। वही बगदरी केंद्र में 39 में से 39 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। मोहड़ केंद्र में 52 में से 03 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर बैठक, प्रकाश, पेयजल, व्यवस्था सुनियोजित पाई गई। निरीक्षण के दौरान सभी स्कूलों में किसी भी प्रकार की नकल प्रकरण नहीं पाया गया। शांतिपूर्ण तरीके से अंग्रेजी का पेपर संपन्न हुआ। जन शिक्षक रामचरण सिंह एवं धर्मेंद्र सिंह द्वारा सतत केंद्रों की मॉनिटरिंग की जा रही। झलौन परीक्षा केंद्र सीसीटीवी की निगरानी में रहा। एवं शाला प्रभारियों द्वारा अपने व्यय पर किराए का वाहन व्यवस्था कर बच्चों को सकुशल समय से परीक्षा केंद्र एवं घर छोड़ा जा रहा है। जिससे बच्चों को आने जाने में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो और समय पर परीक्षा केंद्र में उपस्थित हो सके। क्योंकि इस सत्र में परीक्षा की सख्त दिशा निर्देश है जिसका सख्ती से पालन हो रहा है। कल अंतिम पेपर संस्कृत का होगा।

# आठवीं के छात्रों का हुआ विदाई सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

समीपस्थ ग्राम देवरी लीलाधर की एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में कक्षा आठवीं में अध्यनरत विद्यार्थियों का विदाई समारोह सम्मान के साथ किया गया मां सरस्वती वंदना एवं गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों के समक्ष अपनी अपनी बात रखी। वरिष्ठ शिक्षक श्री कोदू सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों से कहा कि आप देश देश का भविष्य हैं अपनी प्रतिभा के दम पर अपना नाम रोशन कर सकते हैं। शाला प्रभारी मनोहर सिंह ने छात्रों से कहा कि आपका भविष्य उज्जवल है अभी पढ़ने लिखने का समय है विद्यार्थी जीवन सबसे बेहतर जीवन होता है मन लगाकर को पढ़ाई करें और अच्छे अंक लाकर सम्मानित हों तो हम शिक्षकों के लिए गौरव की बात होगी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि बृजमोहन सिंह राजपूत ,प्रभु दास अहिरवार, जन शिक्षक मुकेश झारिया ,प्रहलाद सिंह ठाकुर ,सरिता दाहिया, दीपाली कोरी,ने भी छात्रों के साथ अपने -अपने विचार साझा कर, उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक बैजनाथ अहिरवार ललित रोहिताश, मनोज रैकवार ,काजल यादव ,प्रियांशु सोनी सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# जंगलों में टेसू के फूलों की आई बहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

इन दिनों वन परीक्षेत्र की जंगलों में सुंदर नजारा बना हुआ है जैसे जैसे गर्मी अपना तेवर दिखाते जा रही है वैसे वैसे यह प्राकृतिक टेसू के फूल अपने रंग बिखरते जा रहा है। फिलहाल तो अभी पेड़ों में इनका खिलना शुरू है यह फूल होली के त्यौहार का प्रतीक माना जाता है। वहीं होली पर खास कर इन फूलों को देखा जाता है जैसे जैसे होली नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे इन फूलों पर भी रंग चढ़ते हुए देखा जाता है। टेसू के फूल के पेड़ क्षेत्र के जंगलों में अधिक लगे हुए हैं। जहाँ पर सेकड़ों जंगली व अन्य पेड़ लगे हैं वही पलाश का पेड़ भी अलग रूप में अलग ही दिख रहा है टेसू के फूल पेड़ पर लगे देखकर लोग सेल्फी ले रहे हैं। वही इन फूलों की आवक मार्च अप्रैल माह में ही होती है। वही बुजुर्गों से मिली जानकारी में बताया कि यह फूल होली का भी प्रतीक है। दुख सुख की होली को ध्यान में रखते हुए परम्परागत इन टेसू के फूलों को सुखाकर देशी गुलाल बनाया जाता जो कि प्राकृतिक रूप से रहता है। इस फूल की अलग ही अपनी छवि दिखाई देती है इन दिनों तेन्दूखेड़ा उप वन मंडल के चारों रेंजों में इन फूलों को देखा जा रहा है।

## जीवन में दृढ़ता और मन में विश्वास ही ईश्वर प्राप्ति का सुगम मार्गः आशीष शास्त्री

**बनवार।** बगलवारा सगरा में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन की कथा में पंडित आशीष शास्त्री ने कहा कि जीवन में दृढ़ता और मन में विश्वास ही ईश्वर प्राप्ति का सुगम मार्ग है। उन्होंने कहा कि परमात्मा सच्चे हृदय को देखते हैं, ना कि आपके वैभव और ऐश्वर्य को। पंडित आशीष शास्त्री ने कहा कि जब तक हमारे मन में काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अभिमान, ईर्ष्या जैसे रोग होंगे, तब तक हमारे हृदय में भगवान की प्राप्ति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि ध्रुव जी ने अपनी माता सुरुचि के तिरस्कृत करने पर भी भगवान की भक्ति करने के लिए वन में निकल पड़े और सद्गुरु नारद जी के उपदेश के पश्चात परमात्मा को प्राप्त करने के लिए ध्रुव जी ने सच्ची निष्ठा और दृढ़ विश्वास के साथ तप करके परमात्मा को प्राप्त किया। कथा में जड़ भरत ऋषभदेव आदि की कथा का वर्णन करते हुए अजामिल उद्धार एवं प्रहलाद जी के कहने पर स्तंभ से नरसिंह के रूप में भगवान का प्रकट होकर हिरण्यकश्यपु के उद्धार की कथा का वर्णन किया गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## नयागांव में जल संरक्षण के लिए अनुकरणीय कार्य,

# शून्य नदी में बोरी बंधान से नदी में 3 फीट से अधिक जल का भराव

**बनवार।** जबेरा जनपद की नयागांव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों ने जल संरक्षण के लिए अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने दो माह पूर्व मनगुवा घाट पुल पर 600 बोरियों से बोरी बंधान किया, जिससे नदी में 3 फीट से अधिक जलभराव हो गया है। यह कार्य गर्मियों में जल संकट को कम करने में मदद करेगा और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा बता दें। शून्य नदी मनगुंवा घाट पुल पर बोरी बंधान किया गया जिसके बेहतर परिणाम आज देखने को मिल रहे है। ऐसी ही दृढ़ता अगर लोगों में आ जाए तो हकीकत में अपने-अपने क्षेत्र में जलस्त्रोतों का जल संरक्षित कर जलस्तर को बढ़ाया जा सकता है। नदी सूख जाने के कारण इसके तट से और बहुत बड़े भाग में मवेशियों को पीने का पानी ग्रीष्मकालीन खेती के लिए किसानों को सिंचाई के लिए भारी जलसंकट खड़ा हो जाता था। जिससे निजात पाने प्रस्फुटन समिति सदस्यों द्वारा वर्ष ने वर्षा जल संग्रहण की दृष्टि से उक्त नदी के जल को संरक्षित करने की मन में ठानी और दिसंबर माह की लास्ट में बोरी बंधान नदी की साफ सफाई शुरुआत कर दी। जिसके परिणाम स्वरूप नदी का व्यर्थ में बहने वाला पानी संरक्षित हुआ और पुल से लेकर नदी में वर्तमान में तीन फीट से अधिक जल भराव बना दरअसल मनगंवा नयागांव क्षेत्र में हर गर्मी के मौसम में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है। जिसकी निदान के लिए जन अभियान परिषद ने जन सहयोग से पानी सहेजने की अभी से मुहिम शुरू की है। उन्होंने दोनों नदियों के संगम स्थल मनगंवा घाट पुल पर बोरी बंधान कार्य किया और शून्य नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ता गया । दो माह में नदी पुल से लेकर समांतर नदी में 3 फीट से अधिक जलभराव हो गया जिससे गर्मियों में भी किसानों को सिंचाई एवं मवेशियों के लिए पर्याप्त पानी मिलता रहेगा। जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वक श्रीमती वंदना जैन ने बताया बोरी बंधान कर नदी का व्यर्थ में बहने वाला पानी को सहेजा जा रहा है ऐसा करने से गांव में भूमि जल स्तर बना रहेगा। वहीं गर्मी में भी निस्तार और मवेशियों के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्ध रहेगी जिससे किसानों को सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध रहेगा।



# विद्यार्थियों ने जाने वन सम्पदा की सुरक्षा के उपाय



**हटा।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार पूर्व माध्यमिक स्तर के बच्चों को व्यवसायिक भ्रमण कराने की योजना के तहत विकासखंड के जन शिक्षा केंद्र रजपुरा अंतर्गत आने वाली शालाओं के छात्र- छात्राओं को एक्सपोजर विजिट आयोजित कराया गया। जहां छात्र छात्राओं को उनके विद्यालयों से बस द्वारा मडियादो के पास स्थित गौमुख धाम लाया गया जहां बच्चों को वन संपदा जैसे चरवा ,महुआ, तेंदूपत्ता के संरक्षण एवं इनसे होने वाले व्यवसाय के बारे में अवगत कराया गया। पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र मे होने के कारण जंगली जानवरो की अधिकता के बीच भी अपने आपको सुरक्षित रखने के उपायों की भी जानकारी बच्चों को दी गई वहीं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस दौरान जंगल एवं प्रकृति का संरक्षण , उन्नत कृषि, लघु उद्योग, कौशल विकास जैसे विषयों पर आधारित इस एक्सपोजर विजिट मे माध्यमिक शाला सिलापरी रजपुरा, दामोतीपुरा, नारायणपुरा, अमझिर , बछामा चौरईया, पाटन, कारीबरा एवं एकीकृत हाईस्कूल कलकुआं के माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विजिट में जन शिक्षक एवं नोडल गोपी प्रसाद तंतुवाय एवं मुकेश तंतुवाय की मुख्य भूमिका रही एवं माध्यमिक विद्यालयों से शिक्षकों की मौजूदगी रही।

## उदेश्वरी माता की 21वीं बर्षगांठ पर हुए विभिन्न आयोजन

**हटा।** नगर के रामगोपाल जी वार्ड निवासी गंगेले परिवार द्वारा मंदिर में विराजमान मां उदेष्यवरी माता की 21वीं बर्षगांठ के अवसर पर प्रतिबर्षानुसार की भांति इस बर्ष भी सोमवार को सुबह की बेला में माता का अभिषेक पूजन व रूद्र चंडी यज्ञ संपन्न कराया गया।वही इस सायंकाल देवी भजनों की प्रस्तुति दी गई एवं महाआरती के अवसर पर फूलो की होली का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित माता के भक्तों द्वारा उनके दरबार में अपनी हाजिरी लगाकर जमकर आतिशबाजी करते हुए फूलो की होली खेलकर मां के जयकारे लगाते हुए धर्म लाभ उठाया। आयोजन के दौरान मां के भक्तो का दिन भर मंदिर में दर्शनार्थियों का ताता लगा रहा।

# जंगल को आगजनी से बचाने को लेकर बैठक का आयोजन

## बफर क्षेत्र कार्यालय मडियादो में अधिकारी ने दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ



15 फरवरी से 15 जून तक चलने वाले फायर सीजन को लेकर बफर क्षेत्र प्रबंधन अलर्ट मोड पर है। पिछले वर्ष जंगल में हुई आगजनी की घटनाओं का विश्लेषण ओर उनको रोकने के लिए किए गए प्रबंध को लेकर बैठक का आयोजन वफरक्षेत्र कार्यालय में किया गया। बैठक में अधीक्षक केन घड़ियाल खजुराहो राजवेंद्र मिश्रा, परिक्षेत्र अधिकारी मडियादो रामप्रसाद प्रजापति, मडियादो वन समिति अध्यक्ष और कांग्रेस नेत्री मंजुलता श्रीवास्तव , जनपद उपाध्यक्ष हटा राजकुमारी छिरोलिया, जिला पंचायत सदस्य मडियादो प्रतिनिधि अभिषेक जैन सहित वनकर्मी ओर नव नियुक्त फायर वाचर उपस्थित रहे है। उपस्थित अमले ने पिछले वर्ष अत्यधिक आगजनी की घटना के कारणों का विश्लेषण किया। अधीक्षक राजवेंद्र मिश्रा ने कहा कि वन संपदा के लाभ में भागीदार सभी का कर्तव्य है कि वह वन सुरक्षा में अपना योगदान दे। टीम तैयारी के साथ रहे ओर प्वाइंट आने पर तत्काल पहुंचे और नियंत्रण करे। आग से सिर्फ घास फूंस नहीं जलती बल्कि छोटे छोटे पौधे, जमीन पर रहने वाले जीव जंतु सभी का नुकसान होता है। जंगल से सटे गांवों में जागरूकता का कार्य करे उनका सहयोग ले। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों से आवश्यक सुझाव मांगे गए। उपस्थित जनप्रतिनिधि द्वारा मडियादो में शव दाह हेतु लकड़ी की उपलब्धता के लिए डिपो की मांग की गई। उपस्थित अधिकारी और जनप्रतिनिधियों द्वारा वन अमले ओर वन श्रमिकों को जैकेट का वितरण किया गया। इस दौरान बीटगार्ड ऋषि पटेरिया, सुधाकर पांडे, वीरेश खटीक, रामगोपाल अहिरवार, रामप्रसाद प्रजापति, संतोष सेन, सूर्यकांत उइके , गौरव प्यासी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शराब दुकान से हुए अपहरण के अन्य आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** दिनांक 01 मार्च 2025 को चौकी नरसिंहगढ़ क्षेत्र में स्थित एक शराब दुकान पर धर्मेंद्र लोधी अपने साथियों के साथ पहुंचा और दुकान संचालक से जबरन शराब मुफ्त में देने की मांग की। दुकान कर्मी द्वारा मना करने पर आरोपियों ने अपहरण की घटना को अंजाम दिया। जिस पर थाना दमोह देहात में अपराध क्र. 165/2025 धारा - 140(3), 142, 333, 115(1), 296, 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना दमोह देहात ,चौकी नरसिंहगढ़ एवं सायवर सेल की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था तथा दिनांक 03 मार्च 2025 को शेष तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है । प्रकरण में अन्य आरोपी फ़रार है जो जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगें।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आज

**दमोह।** अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 के अन्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आज 05 मार्च को दोपहर 01 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने समस्त संबंधितों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने हेतु कहा है।

### 240 आवेदनों पर सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 240 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 40 आधार कार्ड अपडेशन, 03 आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुए एवं 122 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शस्त्र लायसेंस से संबंधित विशेष जन सुनवाई में 20 आवेदन प्राप्त हुये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज

**दमोह।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज 05 मार्च को प्रातः 11:30 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

### ड्रिंक एंड ड्राईव: महिला को टक्कर मारकर बाऊंड्रीवाल से टकराई कार

# नशे में धुत स्कार्पियों चालक ने महिला को चपेट में लिया, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शहर में शराब के नशे में तेज रफ्तार स्कार्पियों कार चालक ने जमकर कोहराम मचा दिया जिसमें एक महिला कार की चपेट में आने से काल कवलित हो गई तो वहीं घटना के बाद स्कार्पियों एक बाऊंडीवाल से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान कई लोग भी इस कार से अपनी जान बमुश्किल बचा सके। इस घटना के बाद समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरा मामला कैद हो गया और जब यह वायरल हुआ तो यह घटनाक्रम शहर में चर्चा का विषय बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के मांगज वार्ड नं 4 लोकू इलाके के सेट नाबर्ट स्कूल के पास पथरिया रोड पर नशे में धुत विठ्टल ठाकुर स्कार्पियों चालक ने सडक किनारे जा रही महिला को अपनी चपेट में ले लिया। महिला का नाम न्नही बाई सेन बताया गया है जिनको स्कार्पियों ने अपनी चपेट में लेते हुये समीप ही शहनाई गार्डन के दीवार से जाकर भिड गया। मौके पर मौजूद लोगो ने बताया कि स्कार्पियों चालक तेज रफ्तार में था एवं बडी लापरवाही से कार चला रहा था जिससे महिला को टक्कर मार दी व दीवार से टकरा गया। परिजनों ने महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाये जहां उसकी मौत हो गई। वहीं शराबी चालक दुर्घटना के बाद भी नशे में चूर होकर अपनी रातनैतिक पकड़ का हवाला देते हुये लोगो को धौंस दिखाता रहा। बाद में चालक को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है। घटन का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस ने बताया कि महिला के पीएम के बाद मर्ग पंजीबद्ध कर आरोपी विठ्ठल ठाकुर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनी है कि शहर में ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले पहले भी सामने आते रहे है एवं लापरवाही से वाहन चलाकर निर्दोष लोगो की जान से खिलवाड़ करते है। ऐसे मामलों में विशेष रूप से कडी कार्यवाही होनी चाहिये ।

### जिला बदर को पुलिस ने पिस्तौल लिए पकड़ा

**दमोह ।** दमोह जिले के एक मोस्ट वांटेड जिला बदर के आरोपी बदमाश को जबलपुर में वारदात की फिराक में पिस्तौल लेकर घूमते हुए विजयनगर थाना पुलिस ने अरेस्ट करने के बाद में विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है। जबलपुर की विजय नगर थाना पुलिस को मुखबिर के जरिये सूचना मिली की एक बदमाश पीएनटी खंडहर क्वार्टर के पास किसी वारदात को अंजाम देने लोडेड पिस्टल लेकर खड़ा हुआ है। सूचना पर तत्काल मौके पर टीम गठित करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी गई।इस दौरान बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसका नाम पता पूछे जाने पर उक्त बदमाश ने अपना नाम आकाश पटेल नीवासी दमोह का होना बताया।वही तलाशी लिए जाने के पर बदमाश के पास एक लोडेड पिस्टल बरामद की गई।जिसे जब्त कर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी विजयनगर वीरेंद्र सिंह पवार ने बताया कि इस बदमाश के बारे में जानकारी जुटाने पर सामने आया की आशीष पटेल दमोह के जबेरा थाना क्षेत्र का शातिर बदमाश है।जिसके विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

### खबर का असर, परीक्षार्थी व अभिभावक खुश

## केंद्राध्यक्ष ने तख्ती के साथ परीक्षा में बैठने दी अनुमति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

कक्षा 12वीं के पेपर में केंद्र के अंदर तख्ती ले जाने पर केंद्र अध्यक्ष द्वारा लगाई रोक मंगलवार को हटा दी गई ज्ञात हो कि कक्षा 12 वीं के परीक्षार्थियो को परीक्षा केंद्र में तख्ती ले जाने पर पूर्व में रोक लगा दी गई थी जिस कारण छात्रो के अभिभावाको ने अपनी नाराजगी जताई है। साथ ही परीक्षा केंद्र में अनेक टेविले खराब होने के कारण साथ टेविले हिलने के कारण परीक्षार्थियो को भी परेषानियां हो रही थी जिस कारण परीक्षार्थियो का भी समय खराब होने के कारण नाराजगी व्यक्त की है। शुक्रवार को 12 कक्षा का अंग्रेजी का पेपर था। जब परीक्षार्थी पेपर देने तख्ती लेकर पहुंचे तो सीएमराईज के परीक्षा केंद्र प्रभारी सुनील चैरसियां ने सभी परीक्षार्थियो को तख्ती लेकर अंदर जाने से मना कर दिया गया था। सभी छात्र-छात्राए बिना तख्ती के पेपर देने अंदर गए लेकिन परीक्षा केंद्र के कमरो में कुछ टेबिलें खराब होने के कारण टेबिल हिल रही थी इस बात की जानकारी जब मीडिया को लगी तो पट्टी के द्वारा शनिवार को इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था खबर प्रकाशित होने के बाद केंद्राध्यक्ष ने बच्चों की परेशानी को समझते हुए मंगलवार को नई तख्तीयो के साथ बच्चों को केंद्र में प्रवेश दिलवाया इसके बाद बच्चों को काफी अच्छा लगा एवं खुश होकर पेपर दिया पेपर देकर बच्चे एवं उनके अभिभावक प्रसन्न नजर आए इस संबंध में केंद्राध्यक्ष सुनील चौरसिया ने बताया कि ऊपर से निर्देश थे कि बच्चों को केवल प्रवेश पत्र एवं पेन लेकर ही परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश दिलाना है केंद्र में पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था है लेकिन केंद्र में निजी स्कूल के बच्चे भी परीक्षा दे रहे हैं मुझे जानकारी नहीं थी कि प्राइवेट स्कूलों के बच्चे भी बैठे हुए हैं क्योंकि सरकारी स्कूलों में तो फर्नीचर की व्यवस्था शुरू से रही है लेकिन प्राइवेट स्कूलों में बच्चों ने पढ़ाई बिना फर्नीचर पर बैठे हुए की है जिसके कारण बच्चों को परीक्षा में फर्नीचर पर बैठकर परीक्षा देने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा इस बात की जानकारी मुझे जब लगी तो मेरे द्वारा बच्चों को नई तख्तिकों के साथ प्रवेश देने की अनुमति दी गई है मंगलवार को कक्षा 12वीं के भौतिक शास्त्र के पेपर में 79 बच्चे जिसमै पूरे बच्चे उपस्थित रहे एवं अर्थशास्त्र के पेपर में 110 बच्चों में से 106 बच्चों ने सीएम राइज परीक्षा केंद्र में परीक्षा दी है 4 बच्चे अनुपस्थित रहे हैं।

### तस्कर मौके से हुए फरार, रजपुरा थाना क्षेत्र का मामला...

# गौसेवकों ने पुलिस की मदद से गौवंश से भरे ट्रक को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग के रजपुरा थाना क्षेत्र में बीती सोमवार की रात हरदुटोरा गांव के पास तस्करों द्वारा ट्रक में गौवंश को भरकर ले जाने की सूचना गौसेवकों को मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर पुलिस की मदद से ट्रक को पकड़ने में सफलता प्राप्त की वही तस्कर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार हटा रजपुरा मार्ग पर ग्राम हरदूटोला के पास जंगल से तस्करों द्वारा ट्रक में गोवंश को भरकर ले जाया जा रहा था जिसकी सूचना जिले के गौसेवकों को मिलने पर कुछ ही समय में हटा सुरभि गौ सेवा समिति से गोलू, पप्पू महाजन, मानव भगवती कल्याण समिति के तिलक सींग , निस्वार्थ गौ सेवा समिति दमोह के अध्यक्ष दीपक नेमा, सत्यम और सभी जगह के गौ सेवकों ने मौके पर पहुंचकर गौवंश से भरा ट्रक पकड़ लिया लेकिन मौके से आधा दर्जन से अधिक गौ तस्कर घटनास्थल से भागने में सफल हो गए। जिसकी जानकारी तुरंत ही हटा पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर तत्परता से हटा थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय,सब इंस्पेक्टर सौरभ शर्मा, मडियादो थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे, रजपुरा थाना के एएसआई हरिश्चंद्र दुबे के अलावा पुलिस बल पहुंचा और ट्रक क्रमांक टीएस 08 यूबी 1829 में ठूंस-ठूंस कर भरा गया था जिसमें कुल 65 मवेशियों में 11 नग गाय माता और 54 नग नंदी वहा से बाहर ले जा रहे थे। पुलिस ने ट्रक को जप्त कर गोवंशों को रिहा करते हुए आरोपियों की तलाश की जा रही है।



### डीएलसीसी की बैठक संपन्न, दिये गये अहम दिशा-निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की मौजूदगी में आज जिला स्तरीय समन्वय समिति (डीएलसीसी) की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर श्री कोचर ने अधिकारियों एवं बैंकर्स से कहा वित्तीय वर्ष समाप्ति पर है, 31 मार्च आने में अब 20-25 दिन रह गए हैं, विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में जो बैंकर्स को लक्ष्य दिए ये हैं, उन लक्ष्यों की पूर्ति समय पर सुनिश्चित की जाये, अगले 15-20 दिन में बैंकर्स इसमें बेहतर काम करके अच्छे रिजल्ट जिले को दें। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बैठक में 31 मार्च से पहले योजनाओं में दिए गये लक्ष्य को पूरा करने निर्देश दिए। साथ ही कहा जिन योजनाओं में प्रकरण को स्वीकृत कर दिया हैं उन सभी योजनाओं में 31 मार्च से पहले वितरण करना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने अधिकारियों और बैंकर्स द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, आरबीआई के प्रतिनिधि नवीन सिंह, एलडीएम नवीन सोनी, एसबीआई मुख्य प्रबंधक आशीष रावत, यूनियन बैंक मुख्य प्रबंधक आदर्श चतुर्वेदी सहित अन्य बैंकर्स के मुख्य प्रबंधक, जिलाधिकारीगण मौजूद रहे।

### दर्जन भर आरोपियों ने किया हमला

## गोली लगने से युवक घायल

**दमोह।** जिले के मगरोन थाना क्षेत्र में आने वाले फतेहपुर निवासी युवक लोकराम अहिरवार 28 को सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे मडियादो गांव के पास एक दर्जन बदमाशों ने हमला कर गोली मारकर घायल कर दिया। घायल



अपने दोस्त अजय की शादी से कांटी गांव से अपने पिता और भाई के साथ बाइक से वापस गांव लौट रहा था, तभी हटा निवासी अजय अहिरवार, परम और गौतम अहिरवार के अलावा कई अन्य लोग बाइक से पहुंचे उन्होंने गोलियां चलाना शुरु कर दिया। पहले मुझे लगा कि पत्थर फेक जा रहे हैं, लेकिन जैसे ही मैंने बाइक रोकी एक गोली मेरे हाथ में आकर लगी और मैं नीचे गिर गया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। मेरे पिता मुझे हटा अस्पताल लेकर पहुंचे और वहां से मुझे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल लोकराम का कहना है की उसका आरोपियों से कोई विवाद नहीं है। एक बार पहले भी आरोपी परम ने उसके घर में आकर तलवार से हमला करने का प्रयास किया था, तब उसने पुलिस में शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने उस समय कोई कार्रवाई नहीं की थी। फिलहाल घायल युवक जिला अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और उनकी तलाश की जा रही है।

## ब्लैक बोर्ड की सभी प्रविष्टियां समय से पूर्ण की जायें-कलेक्टर

### कलेक्टर ने किया हिंडोरिया परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण

**दमोह।** शासकीय हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 2025 के अंतर्गत आज भौतिक शास्त्र एवं अर्थशास्त्र विषय के प्रश्न पत्र आयोजित किए गए। इसी क्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सीएम राइज कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित पाई गई, कुछ कक्षाओं में ब्लैक बोर्ड पर परीक्षार्थियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति संख्या ना लिखे मिलने पर कलेक्टर श्री कोचर ने केंद्राध्यक्ष को निर्देशित किया कि ब्लैक बोर्ड की सभी प्रविष्टियों समय से पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा विद्यार्थी प्रश्न पत्र मिलते ही सर्वप्रथम प्रश्न पत्र के ऊपर निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक दर्ज करें तथा पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करें कि सामान सेट वाले विद्यार्थी आगे पीछे या आजू-बाजू में तो नहीं है। मंडल के निर्देशानुसार



प्रश्न पत्र के चार सेट है, जो केंद्राध्यक्ष द्वारा इस तरह वितरित किये जायेंगे कि एक ही प्रकार के सेट वाले विद्यार्थी बाएं-दाएं या आगे पीछे न हो। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा दसवी और बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं चल रही है, आज इसी क्रम में हिंडोरिया के दो स्कूलों का निरीक्षण किया है। वहाँ पर सारी व्यवस्थाओं को देखा किस तरह से परीक्षाएं चल रही है, यह निरंतर निरीक्षण का हिस्सा है और लगातार आगे भी जो पेपर्स होंगे उसमें मेरे अलावा अधिकारी भी निरीक्षण लगातार करते रहेंगे। पूरे जिले में अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं और अभी परीक्षाएं पूरी चाक चौबंद तरीके से और व्यवस्थित रूप से चल रही है। जहां एक ओर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से समस्त केंद्रों की निगरानी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर 19 दल विभिन्न केंद्रों के निरीक्षण हेतु तैनात किए गए हैं।

# सेवानिवृत्ति समारोह कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

हिंडोरिया में जे पी अहिरवार सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी के सेवानिवृत्ति समारोह कार्यक्रम का आयोजन हिंडोरिया वेटरनरी स्वास्थ्य विभाग में आयोजित हुआ जिसमें दमोह से आए हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर संजय पांडे उपसंचालक पशु चिकित्सालय सेवाएं दमोह डॉक्टर बीवी शुक्ला संजय टेकराम एवीएफओ संग ब्लॉक वेटरिनरी ऑफीसर के जिला अध्यक्ष ए के साहू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ए के मरावी कबीर जाट अनिल पटेल पाटीदार लाला राम अहिरवार राजेंद्र खरे अरविंद आरएस चौहान यदि सभी लोगों की उपस्थिति में यह सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अधिकारियों ने अपनी अपनी बात रखी और जेपी अहिरवार सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी जी को सेवा निवृत्त के अवसर पर फूल मालाओं से स्वागत कर श्रीफल और साल भेंट किया इसके संदर्भ में जेपी अहिरवार जी ने अपने वरिष्ठ अधिकारी और समस्त स्टाफ का धन्यवाद किया और अपने कार्यकाल में जितने भी सराहनीय काम बने उन्होंने बिना निस्वार्थ के सेवा भाव से किया स्वागत बेला में हिंडोरिया नगर से आए हुए नगर के सभी वरिष्ठ विधायक प्रतिनिधि मुन्ना चौरसिया नरेश मोदी रिटायर शिक्षक पल अहिरवार डॉक्टर मदनलाल डॉ पल वर्मा कैलाश बौद्ध मनीष नामदेव जाहर सिंह द्वारका अहिरवार यदि सभी लोगों ने डॉक्टर जेपी अहिरवार जी को इस सेवा निवृत्त अवसर पर अनेकों कामनाएं दी इसी उपरांत डॉक्टर जेपी अहिरवार जी हिंडोरिया बाबा साहब स्मारक पहुंचे जहां पर उन्होंने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया कार्यक्रम का आयोजन बीआर अहिरवार पशु चिकित्सालय वेटरनरी विभाग हिंडोरिया द्वारा किया गया।

## वीएचएनडी सत्र अवलोकन दौरान कुमेरिया सीएचओ के अनुपस्थित रहने पर वेतन काटने के निर्देश दिये

**दमोह।** जिले की पथरिया क्षेत्र अंतर्गत एचडब्ल्यूसी कुमेरिया में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर दस्तक अभियान के तहत दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने निरीक्षण किया। प्रोटोकॉल अनुसार सभी वैक्सीन उपलब्ध थे। ए.एन.एम. द्वारा बच्चों को विटामिन ‟ए‟ पिलाते हुए पाया गया। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपडेटेड ड्यू लिस्ट पायी गई। पहली बार गर्भधारण करने वाली महिला में कुपोषण को परखने के लिए एमयूएसी की जांच ए.एन.एम. द्वारासीएमएचओ डॉ. जैन के सम्मुख की गई। आयुष्मान आरोग्यम मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्र कुमेरिया में सीएचओ पदमा पटेल के अनुपस्थित मिलने पर उनका वेतन काटने के निर्देश दिये गये। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विशाल शुक्ला ने हिण्डोरिया के बांदकपुर, पिपरिया टिकरी एवं आनू पहुंचकर दस्तक अभियान अंतर्गत दी जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। सीएचओ लता चौरसिया ग्राम आनू में गृह भेंट कर दस्तक अभियान के तहत दी गई सेवाओं का निरीक्षण करते हुए मिलीं। बांदकपुर के मॉडयूलर आंगनवाडी केन्द्र में आशा और आंगनवाडी कार्यकर्ता को बेहतर समन्वय के साथ विटामिन ‟ए‟ का घोल पिलाते हुए पायी गई। निरीक्षण दौरान वैक्सीन का रखरखाव मानक अनुसार मिला। अपडेटेड ड्यू लिस्ट पाई गई। आयुष्मान आरोग्यम मंदिर पिपरिया टिकरी उपस्वास्थ्य केन्द्र में भी दस्तक गतिविधियों के तहत सेवाएं देना पाया गया। एएनएम द्वारा गर्भावस्था में चौथी जांच के लिए पहुंची महिला को समुचित सेवा दी जा रही थी। रजिस्टर के निरीक्षण दौरान केन्द्र में पंजीकृत 25 गर्भवती महिलाओं में से 12 चिन्हित उच्च जोखिम महिलाएं पाई गई, जिनमें से 3 प्रीवियस एलएससीएस, 1 जुड़वा, 3 अर्ली प्राईमी पायी गई।

### विधायक की हिदायत के बाद भी गुणवत्ताहीन सामग्री का किया जा रहा प्रयोग

# स्टाप डैम में जारी है घटिया रेत का उपयोग

विगत 28 फरवरी को स्थानीय विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक द्वारा अचानक ही गैसाबाद व्यारमा नदी पर बन रहे स्टॉप डैम का औचक निरीक्षण किया गया था जिसमें निर्माण कार्य में घटिया रेत का उपयोग होते देख विधायक ने अपनी नाराजगी जहिर की थी और ठेकेदार को घटिया रेत का उपयोग नहीं करने को कड़े शब्दों में हिदायत भी दी थी। लेकिन हिदायत के बाद भी ठेकेदार द्वारा डैम निर्माण कार्य में लोकल रेत एवं घटिया किस्म का लोहा इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे है। बता दे की दमोह पन्ना जिला को सीमा ब्यारमा नदी पर बनाये जा रहे जल संसाधन द्वारा स्टॉप डैम को लेकर शासन की यह मंशा है की पन्ना जिला के ग्राम आमघाट एवं दमोह जिला के ग्राम गैसाबाद को जोड़कर नदी में ऐसी व्यवस्था की जाए की गर्मी के मौसम में भी यहां पर पर्याप्त पानी संचित किया जाए । लेकिन ठेकेदार की मनमानी के चलते निर्माण कार्य मे गुणवत्ताहीन लोहा



और निरन्तर लापरवाही और मजबूती को ध्यान में रखते हुए निर्माण नहीं किया जा रहा है। लगभग पांच करोड़ की लागत से बनने वाले इस स्टाफ डैम में घटिया रेत गुणवत्ताहीन लोहा का उपयोग किए जाने की शिकायते पूर्व में भी ग्रामीण जनों द्वारा की गई थी। करीबन 3 मीटर ऊंचाई और 100 मीटर लंबाई बाले इस स्टॉप डैम के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर आदि शासन प्रशासन द्वारा समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो निश्चित रूप से यह निर्माण कार्य भी भ्रष्टाचार की भेंट चड सकता है। इस पूरे मामले पर जब हरिभूमि संवाददाता ने ठेकेदार संजय शर्मा भिंड मुरैना से दूरसंचार के माध्यम से बात की तो उन्होंने बताया क विधायक जी की हिदायत के बाद मैंने लोकल की रेत रिजेक्ट कर दी है उस रेत को वपिस ले जाने के लिए बोला गया है।

### ग्रेनाइट से भरा ट्रक पलट



**दमोह.** बटियागढ़ थाना क्षेत्र के बटियागढ़ दमोह मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास ग्रेनाइट से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में ट्रक के चालक परिचालक घायल हुए बताया जा रहा. उक्त ट्रक राजस्थान से ग्रेनाइट मार्बल भरकर छत्तीसगढ़ जा रहा था, जो अचानक स्टेरिंग फेल होने से अनियंत्रित होकर पलट गया ट्रक पलटने से भारी वाहनों को आवाजाही में भी परेशानियां हुई।